# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 15 /भण्डार/2018

भोपाल, दिनांकः 14-3-18

## केमीकल्स, ग्लासवेयर एवं माईनर उपकरण क्रय हेतु ई–निविदा वर्ष 2018

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों हेतु "केमीकल्स, ग्लासवेयर एवं माईनर उपकरण क्रय हेतु निविदा – वर्ष 2018" क्रय के लिये निविदाकारों से आन–लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्ते, विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेब साईट https://www.mpeproc.gov.in पर लाग–आन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1,000=00 मात्र हैं तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 80,000=00 मात्र हैं। इन्हे आन–लाईन जमा किया जाना हैं।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 40,00,000=00 हैं। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार हैः–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की तिथि | 15-3-2018 | 11-00 |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 05-4-2018 | 15-00 |
| 03 | निविदा फार्म आन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 05-4-2018 | 17-00 |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि | 06-4-2018 | 15-30 |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 06-4-2018 | 16-00 |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 09-4-2018 | 15-30 |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब–साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

केमीकल्स, ग्लासवेयर एवं माईनर उपकरण क्रय की निविदा – वर्ष 2018

## भाग – 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mpeproc.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों में उपयोग में होने वाले केमीकल्स, ग्लासवेयर एवं माईनर उपकरण क्रय के लिए निविदाकारों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

1.3 केमीकल्स, ग्लासवेयर एवं माईनर उपकरण क्रय की निविदा को वेबसाईट https://www.mpeproc.gov.in पर आन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट (https://www.mpeproc.gov.in एवं www.bubhopal.ac.in) पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 40,00,000=00 हैं।

1.4 निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की तिथि | 15–03–2018 | 11–00 |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 05–04–2018 | 15–00 |
| 03 | निविदा फार्म आन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 05–04–2018 | 17–00 |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि | 06–04–2018 | 15–30 |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 06–04–2018 | 16–00 |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 09–04–2018 | 15–30 |

1.5 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा यदि नहीं खोली जा सकती तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3–30 पर खोली जाएगी। इसकी पृथक से सूचना देना आवश्यक नहीं है।

**प्रक्रिया–1**: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000=00 (रूपये एक हजार मात्र) हैं तथा सुरक्षा निधि रूपये 80,000=00 (रूपये अस्सी हजार मात्र) हैं। यह राशि आन लाइन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।
उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जाएगा।

**प्रक्रिया–2** : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित कर पृथक–पृथक स्केन कर अपलोड किए जाने हैं।

**प्रक्रिया–3** : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को आन–लाईन प्रस्तुत किया जाना हैं।

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 निविदाकर्ता से वर्ष 2017–18 की मूल्य सूची पर डिस्काउन्ट का प्रतिशत के आधार पर निविदाएं आमंत्रित की जा रही है।

2.2 **वर्ष 2017–18 की निर्माता की मूल्य सूची* हार्ड कापी में तथा निर्माता की मूल्य सूची* की पी.डी.एफ. फाईल डी.वी.डी. में डाक, पत्र वाहक अथवा कोरियर से उपकुलसचिव (भण्डार), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड–भोपाल– 462026 के पते पर निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक:————तक पहुंच जाना चाहिए। इसके अभाव में निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।**

2.3 निविदाकार द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2016–17, 2015–16, 2014–15) में शासकीय, अर्द्धशासकीय, संस्था में केमीकल्स, ग्लासवेयर एवं माईनर उपकरण प्रदाय का कार्य किया गया हो। सम्बन्धित संस्थान का कार्य आदेश / प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें।

2.4 पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2016–17, 2015–16, 2014–15) में न्यूनतम रू0 75–00 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर होना अनिवार्य है। **निविदाकार को टर्न ओवर की चार्टेड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना तथा अंकेक्षित लेखे एवं बेलेन्सशीट भी संलग्न करना अनिवार्य है।**

2.5 पिछले तीन **असेसमेन्ट वर्षों** (2017–18, 2016–17, 2015–16) इनकम टेक्स रिटर्न छायाप्रति भी संलग्न करे।

2.6 निविदा में भाग लेने वाले निविदाकार किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 1,000–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है।

2.7 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जावेगा।**

2.8 (क) संस्था / कम्पनी / फर्म के जी0एस0टी0 (GST) पंजीयन का प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।
(ख) संस्था के आयकर (PAN) की छाया प्रति संलग्न करें।
(ग) संस्था/फर्म/कम्पनी के वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.9 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं हैं।

2.10 जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र में विक्रय की जाने वाले केमीकल्स, ग्लासवेयर, माईनर उपकरण का स्पष्ट उल्लेख आवश्यक है।

***मूल्य सूची :– केमीकल्स, ग्लासवेयर तथा माईनर उपकरण के मूल निर्माताओं द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु प्रकाशित मूल्य सूची।**

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 सफल निविदाकार से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.2 विश्वविद्यालय द्वारा सफल निविदाकार की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से एक बार में एक वर्ष के लिए बढ़ाया भी जा सकता हैं।

3.3 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

3.4 सफल निविदाकार का चयन अधिकतम डिस्काउन्ट के आधार पर किया जावेगा।

3.5 विश्वविद्यालय को अधिकार होगा कि डिस्काउन्ट की दर समान प्राप्त होने पर अधिकतम डिस्काउन्ट निर्धारण करने के लिए प्रक्रिया एवं शर्ते तय कर सके।

3.6 सफल निविदाकर्ता फर्म को विश्वविद्यालय के आदेशानुसार चाहे गये ब्राण्ड के केमीकल्स, ग्लासवेयर एवं माईनर उपकरण वित्तीय निविदा में दर्शित अधिकतम डिस्काउन्ट पर प्रदाय करना होगा।

3.7 सफल निविदाकार द्वारा प्रदाय की गई सामग्री की गुणवत्ता में कमी एवं आदेश में दर्शित मात्रा पर्याप्त न होने पर भुगतान से निविदा में दर्शित बिन्दु 3.9 अनुसार कटौति की जाएगी।

3.8 प्राप्त सामग्री सन्तोषजनक न होने पर प्रदाय आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भीसमय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें विश्वविद्यालय को जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली भी स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.9 कार्य में त्रुटि या विलम्ब होने पर निम्नानुसार दण्ड अधिरोपित किया जा सकेगा:–
(क) त्रुटिः सामग्री गुणवत्ता पूर्ण प्रदाय न करने पर देयक से 2 से 5 प्रतिशत की की कटौति की जाएगी।
(ख) विलम्बः देयक की कुल राशि का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह होगा।
(दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

3.10 सामग्री स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर निविदादाता को उनके व्यय पर वापस की जाएगी।

3.11 सामग्री प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

3.12 दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देवें।

3.13 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.14 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.15 निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.16 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

3.17 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.18 निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगें।

3.19 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

**निम्नानुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।**

| स0 क्र0 | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 1,000=00 आन लाईन जमा की रसीद। |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 80,000=00 आन लाईन जमा की रसीद |
| 03 | निविदाकार द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2016–17, 2015–16, 2014–15) में शासकीय, अर्द्धशासकीय, संस्था में केमीकल्स, ग्लासवेयर एवं माईनर उपकरण प्रदाय का कार्य किया गया हो। सम्बन्धित संस्थान का कार्य आदेश / प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें। |
| 04 | पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2016–17, 2015–16, 2014–15) में न्यूनतम रू0 75–00 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर होना अनिवार्य हैं। **निविदाकार को टर्न ओवर की चार्टेड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना तथा अंकेक्षित लेखे एवं बेलेन्सशीट भी संलग्न करना अनिवार्य है।** |
| 05 | पिछले तीन **असेसमेन्ट वर्षो** (2017–18, 2016–17, 2015–16) इनकम टेक्स रिटर्न छायाप्रति भी संलग्न करे। |
| 06 | निविदा में भाग लेने वाले निविदाकार किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नही होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 1,000–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है। |
| 07 | संस्था / कम्पनी / फर्म के जी0एस0टी0 (GST) पंजीयन का प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 08 | संस्था के आयकर (PAN) की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 09 | संस्था/फर्म/कम्पनी का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 10 | जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र में विक्रय की जाने वाले केमीकल्स, ग्लासवेयर, माईनर उपकरण का स्पष्ट उल्लेख आवश्यक है। |
| 11 | निविदा प्रपत्र ए–1 संलग्न करें। |

# प्रपत्र ए–1
# ( निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– केमीकल्स, ग्लासवेयर, माईनर उपकरण प्रदाय हेतु निविदा वर्ष 2018 बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है:–

| सं0 क्र0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकर्ता फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | निविदाकर्ता फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेन्डलाईन) | |
| 06 | ई–मेल एड्रेस | |

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3" "4" में दर्शित शर्तो के अनुसार "केमीकल्स, ग्लासवेयर एवं माईनर उपकरण क्रय की निविदा वर्ष–2018' का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

निविदाकार फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

**शपथ पत्र**
रू. 1000/– के स्टाम्प पेपर पर
नोटरी से सत्यापित

मैं------------ द्वारा प्रोपराईटर / डीलर मेसर्स------------------------------

निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:–

(1) यह कि निविदाकार को किसी भी शासकीय संस्था / उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(2) यह कि निविदाकार का केमीकल्स, ग्लासवेयर एवं माईनर उपकरण प्रदाय सम्बन्धी में कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लम्बित नहीं हैं।

(3) यह कि निविदाकार किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं हैं।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## प्रपत्र ए–2

## (वित्तीय निविदा)

| | |
|---|---|
| निविदाकर्ता फर्म का नाम | |

| सं.क्र | विवरण | वर्ष 2017–18 की निर्माता की मूल्य सूची* पर डिस्काउन्ट का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | केमीकल्स | |
| 2 | ग्लासवेयर | |
| 3 | माईनर उपकरण | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कर का नाम एवं दर: | |
| 2 | कर का नाम एवं दर: | |
| 3 | कर का नाम एवं दर: | |

*मूल्य सूची :– केमीकल्स, ग्लासवेयर तथा माईनर उपकरण के मूल निर्माताओं द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु प्रकाशित मूल्य सूची।